Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding irregularities in operation of petrol pumps in Thane district, Maharashtra.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर): देश में, विशेषतः महाराष्ट्र राज्य, के ठाणे जिले में विभिन्न तेल कम्पनियों, विशेषकर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, के ऐसे पेट्रोल पम्पों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिन्हें तेल कम्पनी से एन.ओ.सी. लिए बगैर बेच दिया गया अथवा अवैध हस्तांतरण कर दिया गया तथा जिन्हें लीज पर लिया गया था तथा लीज की अवधि समाप्त होने के बाद भी उस भूमि पर पेट्रोल पम्प अवैध रुप से संचालित है और लीज की अवधि के दौरान भूमि मालिक को भूमि का किराया भी नहीं दिया गया।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस तरह के प्रकरणों की उच्च स्तरीय जाँच करवाकर एक ऐसी नीति तैयार करे कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति पर रोक लग सके।